: कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला- नर्मदापुरम, म0प्र0 :

क्रमाँक : 92 /जिव्याउके-नर्मदापुरम/वि.सहा./2024 नर्मदापुरम, दिनांक : 29.08.2024

:: आदेश ::

प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, औद्योगिम नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग, भोपाल का आदेश क्रमांक 2031/ए-11/2024/ वि.स.क./भोपाल, दिनांक 24.08.2024 द्वारा जिलास्तर पर निवेश को सुगम बनाने, निवेशकों को उचित मार्गदर्शन प्रदान करने एवं निवेश परियोजनाओं को क्रियान्वित/स्थापित करने हेतु आवश्यक जिलास्तरीय अनुमतियां/सम्मतियों/अनुज्ञप्तियों को निर्धारित समयावधि में प्रदान करने के लिए केन्द्रीकृत व्यस्था निर्मित करने हेतु जिला कलेक्टर कार्यालय, नर्मदापुरम में सुगोचर स्थान पर निवेश प्रोत्साहन केन्द्र (Investment Facilitation Centre) स्थापित किये जाने एवं निवेशकों के बैठने हेतु उचित, सम्माननीय व्यवस्था एवं स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप अन्य आवश्यक सुविधायें, संचार एवं संवाद के समस्त नवीन संसाधन उपलब्ध कराये जाने के के प्रयोजन से **मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, नर्मदापुरम** को जिला नर्मदापुरम में निवेश प्रोत्साहन केन्द्र का नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है ।

शासन के उपर्युक्त संदर्भित आदेश द्वारा निवेश प्रोत्साहन को समर्थन एवं सहायता प्रदान करने, केन्द्र के कार्यकलापों की समीक्षा, केन्द्र के माध्यम से प्राप्त हो रहे आवेदनों/प्रकरणों/समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं निवेश परियोजनाओं के सुगम क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर की अध्यक्षता में जिलास्तर पर अन्तर्विभागीय समन्वय हेतु जिला स्तरीय निवेश संवर्धन एवं समन्वय समिति का निम्नानुसार गठन किया गया है :-

1	जिला कलेक्टर, नर्मदापुरम	अध्यक्ष
2	वनमण्डल अधिकारी, नर्मदापुरम	सदस्य
3	उप संचालक/महाप्रबंधक, एमपीआईडीसी, जिला नर्मदापुरम	सदस्य
4	परिक्षेत्रीय उद्योग अधिकारी, भोपाल	सदस्य
5	महाप्रबंधक, विद्युत वितरण कं0लिमि0 जिला नर्मदापुरम	सदस्य
6	सहायक संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, नर्मदापुरम	सदस्य
7	सहायक श्रमायुक्त, जिला-नर्मदापुरम	सदस्य
8	उपायुक्त/सहायक आयुक्त, राज्य कर विभाग, नर्मदापुरम	सदस्य
9	क्षेत्रीय अधिकारी, म0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, मंडीदीप	सदस्य
10	जिला अग्रणी बैंक अधिकारी, सेण्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, नर्मदापुरम	सदस्य
11	जिला खनिज अधिकारी, नर्मदापुरम	सदस्य
12	मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सर्व) जिला- नर्मदापुरम	सदस्य
13	महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, नर्मदापुरम	सदस्य
14	आवश्यकतानुसार अन्य आमंत्रितगण	सदस्य
15	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत-नर्मदापुरम **नोडल अधिकारी- निवेश प्रोत्साहन केन्द्र**	सदस्य सचिव

..2..

Scanned with OKEN Scanner

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत-नर्मदापुरम निवेश प्रोत्साहन केन्द्र के लिए निर्धारित नोडल अधिकारी के सभी दायित्वों सहित गठित जिला स्तरीय निवेश संवर्धन एवं समन्वय समिति के अन्तर्गत दायित्वोंका निर्वहन तत्काल प्रभाव से किया जाना सुनिश्चित करेंगे ।

कलेक्टर,
जिला- नर्मदापुरम, म0प्र0

पृ0क्रमाँक : 1227 /जिव्याउके-नर्मदापुरम/वि.सहा./2024 नर्मदापुरम, दिनांक : 29.08.2024

प्रतिलिपि –

01. प्रमुख सचिव, म0प्र0 शासन, औद्योगिम नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग, भोपाल की ओर सूचनार्थ ।
02. आयुक्त, एमएसएमई, म0प्र0 भोपाल की ओर सूचनार्थ ।
03. संभागीय आयुक्त, नर्मदापुरम् संभाग, नर्मदापुरम की ओर सूचनार्थ ।
04. सर्व संबंधित अधिकारी/सदस्यगण, ...जिला स्तरीय निवेश संवर्धन एवं समन्वय समिति, जिला-नर्मदापुरम की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
05. स्टेनो-टू-कलेक्टर, जिला-नर्मदापुरम की ओर सूचनार्थ ।

कलेक्टर,
जिला- नर्मदापुरम, म0प्र0

Scanned with OKEN Scanner